जयपुर पुलिस कमिश्नर सचिन मित्तल ने किया पदभार ग्रहण

आमजन की समस्याओं का समाधान पुलिस थानों पर ही हो जाए, उन्हें कमिश्नरेट या मुख्यालय ना जाना पड़े : मित्तल

जयपुर (कासं)। भारतीय पुलिस सेवा के वर्ष 1996 बैच के अधिकारी सचिन मित्तल ने शनिवार को जयपुर पुलिस कमिश्नर के पद का पदभार ग्रहण किया। निवर्तमान पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसफ ने उन्हें कार्यभार सौंपा।

पदभार ग्रहण करने के बाद मीडिया से बातचीत में कहा कि उनका प्रयास रहेगा कि वह और आगे मजबूती से काम करेंगे, आदर्श स्थिति में लोगों की समस्या का समाधान थानो स्तर पर हो जाए एवं इमरजेंसी में 100 या 112 पर हो जाए। कानून व्यवस्था एवं अपराधों पर नियंत्रण तथा यातायात की सुचारू व्यवस्था की जायेगी। असहाय एवं पीड़ितों की संवेदनशीलता के साथ त्वरित सुनवाई की जायेगी।

जयपुर पुलिस कमिश्नर सचिन मित्तल ने इसके अलावा क्राइम कंट्रोल उनकी पहली प्राथमिकता रहेगी। किसी भी प्रकार का अपराध होने पर तत्काल टीम को रेस्पोंड करना होगा, समय पर अगर पुलिस क्राइम सीन पर पहुंच जाती है और उस पर काम करना शुरू हो जाता है तो केस के खुलने के चांस ज्यादा हो जाते हैं। इसके लिए टीम क्राइम होने पर तत्काल मौके पर पहुंच कर उस पर काम करना शुरू करे।

वहीं साइबर क्राइम एक बड़ी चुनौती है, जिस पर हर प्रकार से काबू पाना जरूरी है। इसलिए हमारा संकल्प रहेगा की लोग साइबर क्राइम से बचें, इस के लिए जागरूकता बहुत जरूरी है। समय-समय पर इसे लेकर कार्यक्रम भी आयोजित कराए जाएंगे। किसी भी प्रकार का अपराध होने पर पीड़ित को कमिश्नरेट कार्यालय या पुलिस मुख्यालय जाने की जरूरत नहीं हो, इस का प्रयास रहेगा। थानों में ही लोगों को पूरी मदद मिले, इसका पूरा प्रयास रहेगा।

इससे पहले जयपुर पुलिस कमिश्नर सचिन मित्तल अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक, कार्मिक, राजस्थान जयपुर के पद पर पदस्थापित थे। मित्तल पुलिस कमिश्नर जोधपुर तथा जोधपुर रेंज में पुलिस महानिरीक्षक, पुलिस महानिरीक्षक एसीबी, आर्म्ड बटालियन, जेल, महानिरीक्षक पुलिस मुख्यालय राजस्थान एवं अतिरिक्त महानिदेशक (भर्ती एवं पदोन्नित बोर्ड) राजस्थान जयपुर के पद पर अपनी सेवाएं दी। इसके अलावा पुलिस कमिश्नरेट जयपुर में अतिरिक्त पुलिस आयुक्त (द्वितीय) के पद पर रहे है। मित्तल ने पदभार ग्रहण करने के पश्चात पुलिस कमिश्नरेट के अधिकारियों के साथ मीटिंग की।

पुलिस कमिश्नरेट जयपुर में स्पेशल पुलिस कमिश्नर (ऑपरेशन्स) के पद पर राहुल प्रकाश ने भी पदभार ग्रहण कर लिया। राहुल प्रकाश महानिरीक्षक जयपुर रेंज के पद से स्थानान्तरित होकर आये है। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस आयुक्त प्रथम मनीष अग्रवाल, द्वितीय राजीव पचार यातायात एवं प्रशासन योगेश दाधीच, पुलिस उपायुक्त पूर्व संजीव नैन, पश्चिम हनुमान प्रसाद मीणा, उत्तर करण शर्मा, दक्षिण राजर्षि, यातायात सुमित मेहरडा, पुलिस उपायुक्त (मुख्यालय) राजेश कांवत, अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त शिल्पा चौधरी सहित पुलिस अधिकारी एवं पुलिसकर्मी उपस्थित थे।

भारतीय पुलिस सेवा के वर्ष 1996 बैच के अधिकारी सचिन मित्तल ने शनिवार को जयपुर पुलिस कमिश्नर के पद का पदभार ग्रहण किया। निवर्तमान पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसफ ने उन्हें कार्यभार सौंपा। फोटो-राष्ट्रदूत

■ **क्राइम कंट्रोल पहली प्राथमिकता रहेगी : कमिश्नर**

सेंट्रल जेल में फिर मिला मोबाइल

जयपुर । जयपुर सेंट्रल जेल में एक बार फिर से मोबाइल बरामद होने का मामला सामने आया है। जहां जेल प्रशासन की ओर से चलाए जा रहे आकस्मिक तलाशी अभियान में वार्ड नंबर 9 से मोबाइल बिना सिम कार्ड के लावारिस हालात में मिला हैं। इस बरामदगी के बाद जेल प्रशासन की ओर से लाल कोठी थाने में मामला दर्ज करवाया गया है।

जांच अधिकारी हेड कांस्टेबल किशन सिंह ने बताया कि जेल प्रहरी महेन्द्र कुमार बराला ने थाने में मामला दर्ज करवाया गया है कि केंद्रीय कारागार के वार्ड नंबर नौ में आकस्मिक तलाशी अभियान चलाया गया। जहां तलाशी के दौरान वार्ड से एक एंड्रॉयड मोबाइल वीवो कंपनी बिना सिम के लावारिस हालत में मिला। पुलिस ने जेल प्रशासन की ओर से मोबाइल मिलने के बाद मुकदमा दर्ज करवाया गया है। पुलिस की ओर से यह जांच की जा रही है कि मोबाइल जेल तक कैसे पहुंचा और इसका उपयोग कौन कर रहा था।

महिला ने 13वीं मंजिल से कूदकर की आत्महत्या

■ **महिला मुंबई से अपने चचेरे देवर के मांगलिक कार्यक्रम में शामिल होने आई थी। पुलिस ने क्षत-विक्षत शव को कब्जे में लेकर अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया है, साथ ही मामले की जांच शुरू कर दी है।**

जयपुर। मुहाना थाना इलाके में शनिवार की दोपहर को एक महिला ने 13वीं मंजिल से कूदकर आत्महत्या कर ली। महिला मुंबई से अपने चचेरे देवर के मांगलिक कार्यक्रम में शामिल होने आई थी। पुलिस ने क्षत-विक्षत शव को कब्जे में लेकर अस्पताल की मोर्चरी में रखवा कर मामले की जांच में जुटी है। रविवार को महिला का पोस्टमार्टम शव परिजनों को सुपुर्द किया जाएगा।

थानाधिकारी गुरु भूपेंद्र ने बताया कि मृतका की पहचान सीमा शर्मा (53) निवासी मुम्बई के रूप में हुई और उसके पति अनिल शर्मा वहां व्यापार करते हैं। दंपती का एक बेटा भी है। सीमा अपने चचेरे देवर अमित शर्मा के यहां आयोजित एक मांगलिक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए मुम्बई से जयपुर के मुहाना थाना इलाके में स्थित मंगलम आनंदा आई थीं। यह कार्यक्रम मंगलम आनंदा के पास स्थित लोटस बिल्डिंग के कम्युनिटी हॉल में आयोजित किया जा रहा था।

शनिवार दोपहर कार्यक्रम के बीच में सीमा अचानक अपने मोबाइल पर बात करते हुए हॉल से बाहर निकलीं। वह पास ही स्थित मंगलम आनंदा टाउनशिप की 13वीं मंजिल पर पहुंचीं और वहां से छलांग लगा दी। ऊंचाई से गिरने के कारण उनका शव बुरी तरह क्षत-विक्षत हो गया और उनके मोबाइल फोन के भी कई टुकड़े हो गए। प्रारंभिक जांच में किसी अन्य व्यक्ति की मौजूदगी या हत्या की आशंका के कोई साक्ष्य नहीं मिले हैं। पुलिस ने घटनास्थल की जांच शुरू कर दी है और सीमा के मोबाइल फोन को जब्त कर लिया है ताकि उनकी आखिरी कॉल और मैसेज की डिटेल्स का पता लगाया जा सके। फॉरेंसिक साइंस लैबोरेट्री (एफएसएल) की टीम ने मौके से साक्ष्य जुटाए हैं। वहीं प्रारंभिक जांच में कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है और न ही किसी तरह की शिकायत थाने में दर्ज की गई है। थानाधिकारी गुरु भूपेंद्र ने बताया कि सीमा के पति अनिल शर्मा को घटना की सूचना दे दी गई है और वे रविवार की सुबह फ्लाइट से जयपुर पहुंचेंगे। उनके आने के बाद पूछताछ और मोबाइल डेटा की जांच के आधार पर पुलिस मामले की तह तक जाने की कोशिश करेगी।

श्रद्धा और भक्ति के साथ डाला छठ महापर्व शुरू

जयपुर । लोक आस्था, अनुशासन और आत्मसंयम का प्रतीक डाला छठ महापर्व शनिवार से श्रद्धा और भक्ति के वातावरण में आरंभ हुआ। पहले दिन नहाय-खाय के अवसर पर राजधानी के विभिन्न इलाकों में पूर्वांचल की परंपरा और आस्था का संगम देखने को मिला।

सुबह से ही व्रती महिलाएं स्नान कर परिवारजनों के साथ पवित्रता और विधि-विधान से तैयार लौकी-भात का सात्विक भोजन किया। घरों में धूप-दीप की सुगंध और लोकगीतों की मधुर गूंज ने माहौल को भक्तिमय बना दिया। बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों ने एक साथ मिलकर पर्व की शुरुआत हर्षोल्लास से की। शाम तक जयपुर के मोहल्लों, गलियों और कॉलोनियों में कांच ही बांस के बहंगिया, बहंगी लचकत जाए जैसे पारंपरिक गीतों की ध्वनि गूंजती रही।

बिहार समाज संगठन के राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी सुरेश पंडित ने बताया कि रविवार को खरना के साथ 36 घंटे के निर्जला व्रत का आरंभ होगा, जिसमें व्रती महिलाएं सूर्यदेव और छठी मैया की आराधना करते हुए परिवार की सुख-समृद्धि और संतान की दीर्घायु की कामना करेंगी। छठ पर्व को लेकर जयपुर में उत्सव जैसा माहौल है। मुख्य आयोजन गलता तीर्थ में होगा। बिहार, झारखंड और पूर्वांचल के प्रवासी परिवारों के लिए नगर निगम और स्थानीय समितियों ने कई जगह अस्थायी घाटों को सजाया है। जयसिंहपुरा खोर, आमेर, विश्वकर्मा, शास्त्रीनगर, कानोता, सीकर रोड, नांगल जैसा बोहरा, प्रतापनगर, मालवीयनगर, मुरलीपुरा गणेश वाटिका, किशनबाग, निवारू रोड, माचवा रॉयल सिटी, बाइस गोदाम और गलता तीर्थ सहित शहरभर के घाटों पर रंगीन झालरों, फूलों और दीयों से साज-सज्जा की गई है।

हरिपुरा स्थित माता अहिल्या बाई होलकर उद्यान में साफ-सफाई, पेयजल, प्रकाश और सुरक्षा इंतजाम किए गए हैं। सिविल लाइंस विधायक गोपाल शर्मा ने छठ व्रतियों से आशीर्वाद लिया। माहौल में एक ओर पूर्वांचल की परंपरागत खुशबू थी तो दूसरी ओर जयपुर की सांस्कृतिक विविधता का रंग झलक रहा था।

बिहार समाज संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष पवन शर्मा और महामंत्री चंदन कुमार ने बताया कि प्रमुख आयोजन गलता तीर्थ, एनबीसी दुर्गा विस्तार कॉलोनी, आमेर मावठा, मुरलीपुरा गणेश वाटिका, किशनबाग और प्रतापनगर में होंगे, जहां हजारों की संख्या में श्रद्धालु एकत्र होंगे।

सार-समाचार

लालचंद यादव बने प्रदेशाध्यक्ष

जयपुर । राजस्थान अकाउंटेंट एसोसिएशन के प्रदेशाध्यक्ष, सभाध्यक्ष, उपसभाध्यक्ष एवम सभासचिव पद के लिए 25 अक्टूबर को को कृषि अनुसंधान केंद्र दुर्गापुरा जयपुर में चुनाव सम्पन्न हुए। निर्वाचन अधिकारी ललित कुमार नागरवाल ने बताया कि चुनाव में राजस्थान के सभी जिलाध्यक्ष एव प्रांतीय प्रतिनिधियों द्वारा मतदान किया गया, जिसमे कुल 280 मतदाताओं में से 266 मतदाताओं ने मताधिकार का उपयोग किया। प्रदेश अध्यक्ष पद हेतु लालचंद यादव सहायक लेखाधिकारी प्रथम कुल 107 मत प्राप्त कर विजयी हुए। सभाध्यक्ष पद हेतु श्री गिरिराज मीना सहायक लेखाधिकारी प्रथम, उपसभाध्यक्ष पद हेतु श्रीमती ज्योति वर्मा सहायक लेखाधिकारी द्वितीय एव सभा सचिव पद हेतु श्री देवराज मीना कनिष्ठ लेखाकार विजयी हुए।

क्षेत्रीय अभ्यास वर्ग का शुभारंभ

जयपुर । विद्याभारती उच्च शिक्षा संस्थान द्वारा आयोजित क्षेत्रीय अभ्यास वर्ग, राजस्थान का शुभारंभ 25 अक्टूबर को प्रातः सेवाधाम परिसर जवाहर नगर, जयपुर में हुआ। यह अभ्यास वर्ग कार्तिक शुक्ल चतुर्थी से पंचमी तक, दो दिवसीय आयोजन के रूप में संपन्न होगा, जिसमें प्रदेशभर के महाविद्यालयों से शिक्षाविद्, प्राचार्य एवं सेवानिवृत्त आचार्यों की सहभागिता रहेगी। उद्घाटन सत्र का शुभारंभ के. रघुनंदन की अध्यक्षता में हुआ। इस अवसर पर डॉ. अल्पना कटेजा, कुलपति, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर ने 'राष्ट्रीय शिक्षा नीति एवं भारतीय ज्ञान परंपरा' विषय पर सारगर्भित उद्बोधन दिया। पहले सत्र में के. रघुनंदन ने 'विद्या भारती उच्च शिक्षा संस्थान का भारत की शिक्षा में योगदान' विषय पर अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल ज्ञानार्जन नहीं, बल्कि चरित्र निर्माण और राष्ट्र निर्माण है। दोपहर के सत्र में डॉ. राजेश व्यास, संयोजक, विद्या भारती उच्च शिक्षा संस्थान, गुजरात ने 'भारतीय शिक्षा दर्शन एवं शिक्षक की भूमिका' विषय पर वक्तव्य दिया। उन्होंने शिक्षकों से भारतीय दृष्टिकोण के अनुरूप समग्र शिक्षा पद्धति को अपनाने का आव्हान किया। सायंकालीन सत्र में डॉ. संजय शर्मा ने "वैश्विक सततता विमर्श में भारत : भारतीय ज्ञान परंपरा में पर्यावरणीय प्रज्ञा" विषय पर प्रस्तुति दी, जिसमें उन्होंने भारतीय पारंपरिक ज्ञान में निहित पर्यावरणीय संतुलन की अवधारणा को आधुनिक सतत विकास के सन्दर्भ में व्याख्यायित किया।

गांजा तस्करी में लिप्त महिला गिरफ्तार

जयपुर । ट्रांसपोर्ट नगर थाना पुलिस ने ऑपरेशन क्लीन स्वीप के तहत कार्रवाई करते हुए अवैध मादक पदार्थ गांजे की तस्करी करने वाली एक महिला तस्कर को पकडा है और उसके पास से 360 ग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा और ब्रिकी राशि 2 हजार 350 रुपये भी बरामद किया है। फिलहाल आरोपी महिला तस्कर से पूछताछ की जा रही है। थानाधिकारी अरुण कुमार ने बताया कि पुलिस कमिश्नरेट की ओर से चलाए जा रहे ऑपरेशन क्लीन स्वीप के तहत कार्रवाई करते हुए अवैध मादक पदार्थ गांजे की तस्करी करने वाली 33 वर्षीय लक्ष्मी सांसी निवासी दातारामगढ जिला सीकर हाल वेदपुरी कॉलोनी ट्रांसपोर्ट नगर जयपुर को गिरफ्तार कर उसके पास से 360 ग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा और ब्रिकी राशि 2 हजार 350 रुपये जब्त किया है। पुलिस आरोपित महिला तस्कर से अवैध मादक पदार्थ गांजा की खरीद-फरोख्त के बारे में पूछताछ कर रही है।

गोविंददेवजी दर्शन के साथ रखेंगे व्रत

जयपुर । सूर्य उपासना का महापर्व डाला छठ रविवार को आराध्य देव गोविंद देवजी मंदिर में भी भक्ति भाव से मनाया जाएगा। मंदिर महंत अंजन कुमार गोस्वामी के सान्निध्य में सुबह नौ से ग्यारह बजे तक सूर्य गायत्री महायज्ञ और सामूहिक सूर्य अर्घ्यदान का आयोजन होगा। युग तीर्थ शांतिकुंज, हरिद्वार की गायत्री शक्तिपीठ ब्रह्मपुरी की टोली विधि-विधान से यज्ञ संपन्न कराएंगी। मंदिर के सेवाधिकारी मानस गोस्वामी ने बताया कि आयोजन पूर्णतयाः निशुल्क है। हवन सामग्री और पूजन सामग्री निशुल्क उपलब्ध करवाई जाएगी। उल्लेखनीय है कि डाला छठ महोत्सव के शुभारंभ के दूसरे दिन रविवार को श्रद्धालु खरना का व्रत रखेंगे। यह व्रत श्रद्धालु ठाकुर श्री राधा गोविंद देवजी के दर्शन कर रखेंगे। सूर्य भगवान की कृपा प्राप्त करने के लिए श्रद्धालु सूर्य गायत्री मंत्र के साथ आहुतियां अर्पित करेंगे। यज्ञ के बाद गंगा जल सहित विभिन्न पवित्र नदियों के जल से सामूहिक सूर्य अघ्र्यदान दिया जाएगा। इस मौके पर डाला छठ महोत्सव का आयोजन करने वाली समितियों के पदाधिकारियों का सम्मान भी किया जाएगा। डाला छठ के दिन उदित होते सूर्य को अघ्र्य देने के लिए श्रद्धालुओं को सामग्री का निः शुल्क वितरण किया जाएगा। गायत्री चालीसा एवं सत्संकल्प पत्र का निः शुल्क वितरण किया जाएगा। गायत्री परिवार राजस्थान के मुख्य ट्रस्टी ओमप्रकाश अग्रवाल ने बताया कि गायत्री परिवार सभी समाजों को साथ लेकर त्योहार और पर्व मनाता आया है। आपसी एकता और समरसता के लिए यह आयोजन रखा गया है।

टेलीग्राम पर बने दोस्त ने युवक को लूटा

जयपुर । ब्रह्मपुरी थाना इलाके में अपहरण कर एक युवक से लूटपाट करने का मामला सामने आया है। बताया जा रहा है कि टेलीग्राम पर बने दोस्त ने उसे मिलने के बहाने बुलाया था। इसके बाद मारपीट कर सामान छीन बदमाशों ने पचास हजार रुपए ऑनलाइन ट्रांसफर कर लूट फरार हो गए। इस संबंध में थाने में पीड़ित युवक ने आरोपित टेलीग्राम दोस्त के खिलाफ मामला दर्ज करवाया है। पुलिस ने बताया कि ब्रह्मपुरी इलाके के रहने वाले मुकेश कुमार ने मामला दर्ज करवाया है कि कुछ दिनों पहले टेलीग्राम पर उसकी बातचीत एक अनजान लड़के से हुई थी। बातचीत करने पर अच्छे दोस्त बन गए। टेलीग्राम दोस्त ने मिलने के बहाने मुकेश को रामगढ़ मोड बुलाया। मिलने पहुंचने पर अपने साथियों के साथ मिलकर कार में डालकर अपहरण कर चलती कार में उसके साथ मारपीट कर उसका सामान छीन लिया।

जयपुर के कलाकारों ने विदेशी धरती पर गाया "केसरिया बालम पधारो म्हारे देश"

लोक नृत्य समूह "बालम छोटो सा सरदार राणा ग्रुप" ने किया सेशेल्स के 'क्रेओस फेस्टिवल' में परफॉर्म

जयपुर । राजस्थान की लोक-संस्कृति को अंतरराष्ट्रीय मंच पर प्रतिष्ठा दिलाने वाले बालम छोटो सो सरदार राणा ग्रुप ने अफ्रीकी देश सेशेल्स में आयोजित वार्षिक 'क्रेओल फेस्टिवल' में अपनी मनमोहक प्रस्तुतियों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। जयपुर के इस राजस्थानी लोक नृत्य समूह ने सेशेल्स सरकार के आमंत्रण और आईसीसीआर, (भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद दिल्ली के सहयोग से 24 से 27 अक्टूबर तक आयोजित इस उत्सव में भाग लेते हुए राजस्थान की समृद्ध लोक-संस्कृति और परंपरागत नृत्य शैलियों का सुंदर प्रदर्शन किया।

ग्रुप के प्रमुख सरदार राणा ने बताया कि शुक्रवार को कलाकारों ने कार्यक्रम की शुरुआत गणेश वंदना के साथ की जिसके बाद 'केसरिया बालम पधारो म्हारे देस' गीत से सभी का स्वागत किया। इसके बाद 'निंबूड़ा-निंबूड़ा', घूमर नृत्य, चरी नृत्य, ग्रामीण भवाई और प्रसिद्ध 'बालम छोटो सो' लोक नृत्य की प्रस्तुति से विदेश में राजस्थानी संस्कृति के रंग घोल दिए। इस बेहतरीन प्रस्तुति पर तालियों की गूंज और विदेशी दर्शकों की प्रशंसा से पूरा वातावरण लोक-संगीत से सराबोर हो गया। उन्होंने बताया कि इस सांस्कृतिक यात्रा में मूंग राम, राजू राणा, गजानंद राणा, गिर्राज राणा, चांदनी सपेरा, दीपिका सपेरा, जसोदा सपेरा, विमल सपेरा और पुखराज राणा बतौर साथी कलाकार शामिल हैं। ग्रुप का विदेश दौरा सेशेल्स के बाद मलावी पहुंचेगा और यह अंतरराष्ट्रीय सांस्कृतिक दौरा 27 अक्टूबर तक जारी रहेगा।

गौरतलब है कि बालम छोटो सा सरदार राणा ग्रुप 2005 में स्विट्जरलैंड, 2006 में पेरिस, 2016 में इंग्लैंड में भी प्रदर्शन कर चुका है। अब 2025 में एक बार फिर यह कलाकार मंडली राजस्थान की लोक-संस्कृति को विश्व मंच पर नई ऊंचाई दे रही यह ग्रुप पिछले तीन दशकों से राजस्थान की लोकनृत्य और संगीत परंपरा को विश्व स्तर पर प्रस्तुत करता आ रहा है।

ज्ञात रहे कि अफ्रीकी द्वीप देश सेशेल्स की राजधानी विक्टोरिया में हर वर्ष आयोजित यह उत्सव क्रेओल संस्कृति का सबसे बड़ा पर्व माना जाता है, जिसमें विभिन्न देशों के कलाकार अपनी परंपरागत प्रस्तुतियां देते हैं। इस वर्ष भारत की ओर से बालम छोटो सो सरदार राणा ग्रुप ने मंच संभाला।

राजस्थानी लोक कलाकारों ने अफ्रीकी देश सेशेल्स में आयोजित वार्षिक 'क्रेओल फेस्टिवल' में अपनी मनमोहक प्रस्तुति दी।

भूमि धोखाधड़ी से जुड़े मामले में दो आरोपियों को जमानत नहीं

जयपुर । एससी, एसटी मामलों की विशेष अदालत महानगर द्वितीय ने भूमि धोखाधड़ी से जुडे मामले में आरोपी रघुवीर सिंह और हनुमान प्रसाद शर्मा को राहत देने से इनकार कर दिया है। इसके साथ ही अदालत ने दोनों आरोपियों की ओर से पेश जमानत प्रार्थना पत्र को खारिज किया है। पीठासीन अधिकारी राजेन्द्र सिंह ने अपने आदेश में कहा कि वर्तमान में भूमि संबंधित मामलों में व्यापक स्तर पर धोखाधडी की घटनाएं हो रही हैं। यदि ऐसे में आरोपियों को जमानत का लाभ दिया गया तो इससे समाज में गलत संदेश जाएगा। पीडित पक्ष के अधिवक्ता कृष्ण कुमार पारीक ने बताया कि परिवादी आनंद प्रकाश ने इस्तगासे के जरिए बनीपार्क थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। रिपोर्ट में कहा गया कि उसके पिता ने सितंबर, 2003 को अपनी जेडीए से जुडे काम को लेकर करीब छह हैक्टेयर जमीन की पंजीकृत पावर ऑफ अटॉर्नी तीन साल के लिए रघुवीर सिंह के नाम बनाई थी। रिपोर्ट में कहा गया कि साल 2009 में रघुवीर ने फर्जी पावर ऑफ अटॉर्नी बनाकर जेडीए से संबंधित भूमि के पट्टे बनवा लिए। वहीं आरोपी हनुमान प्रसाद ने बतौर गवाह इस पर हस्ताक्षर किए। इसके बाद इन पट्टों के जरिए जमीन का बेचान कर दिया। रिपोर्ट पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया था।

सोडाला में चलती कार में शॉर्ट सर्किट से आग

जयपुर । सोडाला थाना इलाके में शुक्रवार देर रात करीब साढ़े दस बजे शॉर्ट सर्किट से चलती कार में आग लग गई । बोनट से धुआं निकलता देख कार चालक ने कार से साइड में रोका और कूद कर अपनी जान बचाई। देखते ही देखते आग ने कार को पूरी तरह से कार को अपने आग्रोश में ले लिया । जिसके बाद राहगीरों में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। राहगीरों की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस और दमकल विभाग ने बीस मिनट की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। कार में आग लगने से यातायात जाम हो गया और लोग मौके पर वीडियो बनाते हुए नजर आए। थानाधिकारी बलवीर सिंह कस्बा ने बताया कि शुक्रवार देर रात एक कार अंबेडकर सर्किल से भारज जोड़ो सेतु मार्ग होते हुए सोडाला जा रहीं थी। तभी अचानक से कार में धुंआ निकलने लगा। कार चालक ने कार को साइड में रोका तो आग ने विकराल रुप धारण कर लिया। कार चालक की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस और दमकल विभाग ने बीस मिनट की कड़ी मशक्त के बाद आग पर काबू पाया। बताया जा रहा है कार में सीएनजी किट लगा हुआ था। लेकिन गनीमत ये रहीं की उसमें गैस नहीं थी। जिससे बड़ा हादसा होने से टल गया। पुलिस आग लगने के स्पष्ट कारणों का पता करने में जुटी हुई है।

पटाखे चलाने की बात को लेकर हुआ झगड़ा

गुस्साए युवक ने पडौसी की अंगुली चबा डाली

जयपुर । विद्यायकपुरी थाना इलाके में दो पडौसियों ने पटाखे चलाने की बात को लेकर विवाद हो गया और देखते ही देखते कहासुनी मारपीट में तब्दील हो गई। तभी गुस्साए युवक ने पडौसी की अंगुली चबा डाली और आधा इंच अंगुली खाने के बाद पानी की सहायत से उसे गटग गया। चीख-पुकार की आवाज सुन पडौसी और परिजनों ने जैसे तैसे नरबख्शी युवक ने पीड़ित को छुडवाया और उपचार के लिए सवाई मानसिंह अस्पताल भिजवाया।

बताया जा रहा है की विनोबा कॉलोनी निवासी भगवान सहाय शनिवार को घर के पास खाली पडे मकान में अपने बच्चों के साथ पटाखे चला रहा था। तभी राजेंद, हिमांशु, तरुण उसके घर के सामने ही पटाखे चलाने लग गए। पीड़ित भगवान सहाय ने उन्हे भी खाली प्लॉट पर आकर पटाखें चलाने को कहा। इसी बात को लेकर दोनो पक्षों में कहासुनी हो गई। तभी पडोसियों ने आकर समझाईश की और मामले को शांत करवा दिया। लेकिन कुछ देर बाद ही राजेंद्र, हिमांशु ,तरुण,नानगी,वर्षा ,अंजली,मिहिर अन्य लोग अचानक से आए और गाली - गलौच करते हुए भगवान सहाय पर हमला कर दिया। इसी दौरान राजेंद्र ने भगवान सहाय का दाए हाथ का अंगुठा चबा डाला और करीब आधा इंच अंगुठा खाने के बाद पानी पी कर उसे गटक गया। इसी दौरान सीमा, संगीता, परी और दिव्या ने भी भगवान सहाय के परिजनों के साथ मारपीट शुरु कर दी। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनो पक्षों की ओर से मामला दर्ज कर जांच शुरु कर दी है।

लपकागिरी में बदमाश दबोचा

जयपुर । पर्यटक थाना पुलिस ने बाहर से आए देशी-विदेशी पर्यटकों के साथ जबरन लपकागिरी करते एक लपके को गिरफ्तार किया।

पुलिस उपायुक्त जयपुर उत्तर करण शर्मा ने बताया कि पर्यटक थाना पुलिस ने बाहर से आए देशी और विदेशी पर्यटकों के साथ जबरन लपकागिरी करते हुए रहीस अहमद को जोरावर सिंह गेट जयपुर से गिरफ्तार किया है। जो कमीशन प्राप्ति के उद्देश्य से स्वयं को गाइड बता कर देशी पर्यटकों को सस्ती दर पर दृश्यावलोकन करवाने तथा अपने जान-पहचान वाले शोरूम पर खरीदारी करवाने के लिए परेशान कर रहा था।

"आज मैं ऊपर आसमां नीचे.." जैसे सुरीले नग़मों के साथ दर्शक हुए झूमने पर मजबूर

सृजन द स्पार्क जयपुर की ओर से "कविता कृष्णमूर्ति नाइट" का आयोजन

जयपुर (कासं)। 'प्यार हुआ छुपके से..', 'हवा-हवाई..', 'काहे छेड़-छेड़ मुझे..', 'धीमे-धीमे गाऊ'..' जैसे हर दिल पसंद गानों से गुलाबी नगरी में संगीत और संस्कृति का संगम बनता दिखा। मौक़ा था एक अविस्मरणीय शाम 'अ मेलोडियस इवनिंग विद कविता कृष्णमूर्ति' के आयोजन का।

शनिवार को सृजन द स्पार्क जयपुर चैप्टर की ओर से इस भव्य संगीतमयी शाम का आयोजन बिड़ला सभागार में किया गया। संगीत प्रेमियों से खचाखच भरे सभागार में पद्मश्री गायिका कविता कृष्णमूर्ति ने अपनी सुरमयी आवाज़ से ऐसा जादू बिखेरा कि पूरा माहौल संगीत के रंग में डूब गया। कृष्णमूर्ति के साथ मंच पर गायक चेतन राणा ने संगत की, जबकि जयपुर की युवा प्रतिभाएं वायलिनिस्ट उद्दव खंडेलवाल, गायिका हिमांगी छाबड़ा और तालवादक हिरेन परदल ने अपनी उत्कृष्ट प्रस्तुतियों से कार्यक्रम में ऊर्जा और नयापन भरा।

कृष्णमूर्ति ने हिंदी फ़िल्म संगीत के अपने अनेक प्रसिद्ध गीतों की मनमोहक प्रस्तुतियाँ दीं और दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम में सृजन द स्पार्क जयपुर के मुख्य संरक्षक पूर्व आईपीएस प्रसन्ना खमेसरा, चेयरमैन राजेश नवलखा, अध्यक्ष सुरेश ढड्ढा, सचिव राजीव नागौरी सहित शहर के अनेक गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। आयोजन को विशेष सहयोग जयपुर के प्रतिष्ठित व्यापारी विनय चोरड़िया द्वारा प्रदान किया गया। भारतीय संगीत के क्षेत्र में अद्वितीय योगदान के लिए प्रख्यात वायलिन वादक पद्मविभूषण डॉ. एल. सुब्रमण्यम को 'लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड 2025' से सम्मानित किया गया। सभागार तालियों से गूंज उठा जब यह सम्मान उन्हें प्रदान किया गया। ज्ञात रहे कि सृजन - द स्पार्क संस्था के चैप्टर जयपुर, उदयपुर, दिल्ली, जोधपुर, हैदराबाद, झुंझुनूं, राजकोट, अहमदाबाद, चेन्नई, भीलवाड़ा और कोटा सहित देशभर के कई शहरों में सक्रिय हैं, जबकि यूके, कनाडा और अमेरिका में इसके अंतरराष्ट्रीय चैप्टर कार्यरत हैं, जो किसी भी भारतीय सांस्कृतिक संगठन के लिए गर्व की उपलब्धि है। अब तक 400 से अधिक फेसबुक लाइव कार्यक्रमों के माध्यम से संस्था ने भारत और विदेश के अनेक नामचीन कलाकारों तथा नवोदित प्रतिभाओं को मंच प्रदान किया है। इसके संरक्षकों में भजन सम्राट अनूप जलोटा, ग़ज़ल सम्राट स्व. राजकुमार रिज़वी, उस्ताद अहमद हुसैन-मोहम्मद हुसैन, बांसुरी वादक रोनू मजूमदार, पर्कशनिस्ट आनंदम शिवमणि और कवि-अभिनेता शैलेश लोढ़ा जैसे ख्यात कलाकार शामिल हैं। संगठन द्वारा पूर्व में अनूप जलोटा, मनहर उधास, रोनू मजूमदार और पंडित विश्व मोहन भट्ट को भी 'लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड' से सम्मानित किया जा चुका है। जयपुर का यह कार्यक्रम सृजन द स्पार्क की उसी परंपरा का प्रतीक रहा।

पद्मश्री गायिका कविता कृष्णमूर्ति ने जयपुर के बिडला सभागार में अपनी सुरमयी आवाज़ का जादू बिखेरा।

■ **पद्मविभूषण डॉ. एल. सुब्रमण्यम को 'लाइफ टाइम अचीवमेंट अवॉर्ड 2025' से नवाजा**